दिल्ली में फिर शुरू हुआ सीरो सर्वे

5 दिन में इकट्ठा किए जाएंगे 15 हजार सैंपल्स

पिछले सर्वे में 24 फीसदी लोग आए थे पॉजिटिव

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** देश की राजधानी में कोविड-19 के खिलाफ बेहतर नीति बन सके, उसके लिए मंथली सीरो सर्वे की शुरुआत हो चुकी है। हर महीने की 1 से 5 तारीख के बीच यह सर्वे किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, अगले 5 दिनों में 15,000 सैंपल्स को इकट्ठा किया जाएगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि पिछले सर्वे में 24 फीसदी लोग पॉजिटिव आए थे। यह बहुत तकनीकी प्रक्रिया है लेकिन पूरी राजधानी में होगा। सभी सीडीएमओ को अपने जिलों में सर्वे कराने का काम सौंपा जाएगा। इसके अलावा रैंडम लोगों का ऐंटीबॉडी के लिए टेस्ट किया जाएगा। मंथली सर्वे में वही प्रोटोकॉल फॉलो होगा जो नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के पहले सर्वे में किया गया था।

क्या है सीरो सर्वे

ब्लड सैंपल के ऐंटीबॉडी टेस्ट से शरीर में ऐंटीबॉडीज का पता चलता है, जो बताती हैं कि आप वायरस के शिकार हुए थे या नहीं। ऐंटीबॉडीज दरअसल वो प्रोटीन्स हैं जो इन्फेक्शंस से लड़ने में मदद करती हैं। यह इन्फेक्शन के 14 दिन बाद शरीर में मिलने लगती हैं और महीनों तक ब्लड सीरम में रहती हैं। दिल्ली में पहले सीरो सर्वे के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरॉलजी की बनाई कोविड कवच एलिसा किट्स इस्तेमाल की गई थीं।

1142 नए मामले आए सामने

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना शनिवार को 1118 नए संक्रमित मामले सामने आए। जिसके बाद यहां कुल संक्रमितों की संख्या 136716 हो गई। शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1201 लोग स्वास्थ्य होकर अपने घर लौटे हैं। स्वास्थ्य लोगों की संख्या बढ़ कर 122131 हो गई है। जबकि 24 घंटे में संक्रमण से मरने वालों की संख्या 26 रही। जिसके चलते दिल्ली में अब संक्रमण से मरने वाले मरीजों की संख्या 3989 पहुंच गई। इसके साथ दिल्ली में अब 10596 एक्टिव केस रह गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार तक 2979 संक्रमित विभिन्न कोरोना अस्पताल में भर्ती है। कोविड केयर सेंटर में 673 मरीज उपचार करवा रहे हैं और कोविड हेल्थ सेंटर में 166 लोग भर्ती हैं। जबकि 5660 संक्रमित लोगों को उनके घरों में उपचार के लिए रखा गया हैं। शनिवार को दिल्ली में आरटीपीसीआर से 5140 लोगों और 13014 लोगों रैपिड एंटीजन जांच की गई। अभी तक दिल्ली में 1050939 लोगों की जांच की गई है। जिसमें से शनिवार तक 136716 लोग संक्रमित पाए गए हैं। एक लाख लोगों पर 55312 लोगों की जांच की जा रही है। जो कई अन्य राज्यों से ज्यादा है।

बाहर से आए 4320 लोग भर्ती

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार तक दिल्ली में वंदे भारत के तहत विदेशों से लाए गए 4320 लोग भर्ती है। यह वह लोग हैं जो कोरोना के दौरान दूसरे देशों में फंस गए थे। लेकिन अब सरकार इन लोगों को वापस देश लेकर आ रही है। जिसके चलते इन लोगों को 14 दिनों तक क्वारंटाइन में रहना जरूरी है। ऐसे में दिल्ली में 4320 लोग क्वारंटाइन में हैं। जो विदेश से आए हैं।

हेड कांस्टेबल की कोरोना से हुई मौत

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** कोरोना संक्रमण के कारण दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान लीला धर के तौर पर की गई है, जो डिफेन्स कॉलोनी थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। खास बात यह है कि इलाज के दौरान उनकी प्लाज्मा थेरेपी भी की गई, लेकिन फिर भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दक्षिणी दिल्ली पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि हेड कांस्टेबल लीला धर को गत 11 जुलाई को बुखार आने पर पास के अस्पताल ले जाया गया था। जहां कोरोना की जांच में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिसके बाद उन्हें शाहदरा जिले में स्थित न्यू बिल्डिंग पुलिस स्टेशन के आइसोलेशन सेंटर में रखा गया। लेकिन कुछ दिनों के बाद उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने पर



अब तक कोरोना से 15 पुलिसकर्मियों की जा चुकी है जान

ताहिरपुर के राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गत 19 जुलाई से वे आईसीयू में भर्ती थे, जहां उनकी प्लाज्मा थेरेपी भी हुई थी। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी वे कोरोना से जंग हार गए और शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। बता दें कि कोरोना संक्रमण की वजह से दिल्ली पुलिस के करीब 15 पुलिसकर्मियों की जान जा चुकी है। इसके अलावा ढाई हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं।

सार संक्षेप

महापौर ने 2 पार्कों में ओपन जिम का किया उद्घाटन

नई दिल्ली उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने आज पीतमपुरा के डब्ल्यू.पी ब्लॉक और एन.पी ब्लॉक के पार्कों में ओपन जिम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही महापौर ने दोनो पार्कों में पौधारोपण भी किया। महापौर जय प्रकाश ने कहा कि ओपन जिम वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि व्यस्तता भरे दैनिक जीवन में अब पार्क केवल धूमने व टहलने के ही काम नहीं आयेंगे बल्कि नागरिकों को इन पार्कों में निःशुल्क ओपन जिम की भी सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ साथ अपने शरीर का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ व्यायाम भी जरूरी है।

एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने पर सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक ठग को हौज खास पुलिस ने शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया है। आरोपी सुमंता चटर्जी बंगाल का रहने वाला है और एम्स में बतौर सुरक्षाकर्मी तैनात है और जे-37 नोएडा सेक्टर 58 में रहता है। मगर जल्द पैसा कमाने के लिए ठगी की वारदात को अंजाम देने लगा। फिलहाल पुलिस उसकी महिला साथी की तलाश में जुटी हुई है पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून की रहने वाली एक महिला ने हौज खास थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 30 हजार की ठगी की गई है। पीड़ित महिला से आरोपी सुमंत चटर्जी के बारे में भी जानकारी मिलने पर पुलिस टीम एम्स पहुचीं। जहां पर पुलिस टीम को कई अन्य लोग भी मिले, जिन्हें चटर्जी ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। पीड़ितों ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर चटर्जी उनसे धोखाधड़ी कर रहा है। आखिरकार पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से सुमंता चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया।

मोहम्मद रफी को गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की 40 वी पुण्यतिथि के अवसर पर मोहम्मद रफी साहब को श्रद्धांजलि देने के लिए न फनकार तुझसा तेरे बाद आया मोहम्मद रफी तू हमें बहुत याद आया नाम से एफबी लाइट शो

किया गया। जिसमें उभरते हुए स्टेज जगत के कलाकारों ने अपनी गायकी से लोगों का मनोरंजन किया। बेहतरीन आवाज के मालिक सोनू चंदेल ने गाने गाकर मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संचालन वाल्मीकि सेना दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष एवं नव कला सुर संगम के आयोजनकर्ता मुकेश दयाल द्वारा संचालन किया गया। मुकेश दयाल ने कहा कि मोहम्मद रफी साहब ने अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं के दिलों पर राज किया।

चार बहनों के इकलौते भाई को अज्ञात वाहन ने कुचला

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** विपिन गार्डन इलाके में रक्षा बंधन से चार दिन पहले गुरुवार को चार बहनों के इकलौते भाई को उसके घर के नजदीक ही अज्ञात वाहन ने टक्क र मार दी और फरार हो गया। हादसे के बाद सड़क पर पड़े रहने के चलते ज्यादा खून बहने से 28 वर्षीय आजाद सिंह सोलंकी की मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची मोहन गार्डन थाना पुलिस ने आजाद सिंह को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उन्हें सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आजाद सिंह सोलंकी परिवार के साथ ककरौला में रहता था और ई-कार्ट कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार रात अपने काम से लौटने के बाद आजाद सिंह दोस्तों से मिलने के लिए गया था। देर रात घर लौटने के दौरान विपिन गार्डन इलाके में सुनसान रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा रहा। रात ज्यादा होने के चलते हादसे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। देर रात वहां से गुजर रहे राहगीर ने सड़क पर उसे पड़े देख पुलिस को जानकारी दी। सूचना के बाद मोहन गार्डन थाना पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आजाद सिंह के परिवार में मां, पिता के अलावा चार बहनें शामिल हैं।

दोस्त के घर से लौट रहा था युवक

भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्वदेशी राखी कार्यक्रम आयोजित

सेवा बस्ती की बहनों ने आदेश गुप्ता की कलाई पर राखी बांधी

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में अपना योगदान देते नेहा फाउंडेशन की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज स्वदेशी राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सेवा बस्ती की बहनों ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की कलाई पर स्वनिर्मित राखी बांधी। कार्यक्रम का संचालन मीडिया पैनलिस्ट व नेहा फाउंडेशन प्रमुख नेहा शालिनी दुआ ने किया। आदेश गुप्ता ने स्वदेशी राखी निर्मित करने के लिए नेहा फाउंडेशन के इस पहल की सराहना की और सेवा बस्तियों की

बहनों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आदेश गुप्ता ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि हमारे समाज की महिलाएं स्वरोजगार के तहत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर नेहा फाउंडेशन ने सेवा बस्ती की महिलाओं के अंदर स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बनने की भावना जागृत की है और उन महिलाओं द्वारा स्वदेशी राखियां बनाना इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

केंद्र की योजना को भी अपना बता रही केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली। मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दिल्ली के राशन कार्ड होल्डरों को मुफ्त राशन देने जाने को केजरीवाल सरकार अपनी योजना बताने पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार का एक ही काम है झूठे प्रचार करना और फिर झूठी वाहवाही लूटना।

गाजीपुर पेपर मार्किट में पौधारोपण अभियान

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर स्थित डीडीए की पेपर मार्किट में पेपर मार्किट एसोसिएशन चावडी बाजार दिल्ली के तत्वाधान में पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर निर्मल जैन की उपस्थिति में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में गाजीपुर पेपर मार्किट में डीडीए ऑफिस के पीछे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नीम, अर्जुन, रमितास, पापड़ी व् पिपली जैसे 250 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक दलीप बिंदल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को मार्किट की समस्याओं से भी अवगत कराते हुए बताया कि पेपर व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मार्किट की शीघ्र अतिशीघ्र बाउंड्रीवाल कराई जाए।

गौरवशाली भारत का आधार बनेगा राम मंदिर : डॉ सुरेन्द्र

नई दिल्ली, 1 अगस्त ।**(एजेंसी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के इतिहास को देश को 'आत्मग्लानि से आत्मविश्वास' की ओर जाने वाली एक अद्भुत गौरव यात्रा करार दिया है और कहा कि मंदिर का शीर्ष कलश स्थापित होने तक देश में सभी विभाजनकारी तत्व पूर्ण रूप से निरर्थक एवं निष्तेज हो जाएंगे तथा आत्म गौरव, स्वाभिमान, आत्मविश्वास से युक्त एक नए भारत का उदय होगा।

विहिप के संयुक्त महामंत्री सुरेन्द्र जैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आगामी पांच अगस्त को राम मंदिर का भूमि पूजन देश के लिए एक परम गौरवशाली क्षण है। इस राष्ट्रीय गौरव को कोई धूमिल नहीं कर सकता है। 492 वर्ष पूर्व श्री राम जन्मभूमि पर एक विदेशी आक्रांता बाबर द्वारा निर्मित स्मृतियों को हटाकर राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक

भगवान राम का मंदिर बनाने के लिए हिंदू समाज ने निरंतर संघर्ष किए हैं। श्री जैन ने कहा कि 1984 से प्रारंभ हुए वर्तमान संघर्ष में तीन लाख से अधिक गांवों की सहभागिता के साथ 16 करोड़ राम भक्तों ने भाग लिया। नौ नवंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय देने तक यह संघर्ष निरंतर चलता रहा। इस अद्वितीय अभियान का ही परिणाम था कि राष्ट्रीय शर्म का प्रतीक बाबरी ढांचा अब वहां नहीं है और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प एक एक कदम आगे बढ़ते हुए साकार हो रहा है।

एसीपी को कुचलने वाला टैम्पो चालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

नई दिल्ली, 1 अगस्त **(एजेंसी)।** वसंतकुंज साऊथ थाना पुलिस ने गत शनिवार दिल्ली यातायात पुलिस में तैनात एसीपी को कुचलने वाले ट्रक चालक को शुक्रवार शाम को महिपालपुर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी अमित पुलामी (28) ने एनएच-8 पर रजोकरी फ्लाइओवर के पास एसीपी संकेत कौशिक को कुचल दिया था। हादसे के बाद जब पुलिस ने उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। एसीपी संकेत कौशिक के चालक मुन्नी लाल के बयान पर वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने जांच शुरू की। मुन्नी लाल ने

15 सीसीटीवी कैमरें और टैंपो का एंगल बना सुराग

पुलिस को दिए बयात में बताया था कि एसीपी जब सर्विस लेन में चल रहे थे तभी गुरुग्राम की ओर से आए एक वाहन ने उन्हें जर्सी बैरिकेड के पास टक्कर मार दी और दिल्ली की ओर भाग गया। पुलिस अधिकारी से जुड़ा होने के चलते मामले की जांच के लिए एसीपी वसंत कुंज नरेश कुमार की देखरेख में पुलिस की छह टीमें बनाई गईं। मौके पर पहुंच पहली टीम को घटनास्थल से लोहे का एक टूटा हुआ एंगल मिला, जिससे यह साफ हो गया था कि टक्क र मारने वाला वाहन मालवाहक टैंपो था। जिसके बाद दूसरी पुलिस टीम को इस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम दिया गया। इस टीम ने 60 से ज्यादा कैमरों की फुटेज जब्त की। जिसमें से 15 फुटेज सेलेक्ट करके उनकी बारीकी से जांच की गई। एक फुटेज में सफेद ड्राइवर केबिन व ब्राउन बॉडी वाला यह टैंपो 7.48 बजे एसीपी को टक्क र मारते हुए दिखाई देता है।

Morning Glory Leasing and Finance Limited
CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100
STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED ON MARCH 31, 2020 (₹ in Rs)

Sl. No.	Particulars	For the Quarter Ended on 31-03-2020	For the Quarter Ended on 31-12-2019	For the Quarter Ended on 31-03-2019	For Year Ended on 31-03-2020	For Year Ended on 31-03-2019
1	Total income from Operations	200,000	126,825	71,753	873,733	620,368
2	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax & Exceptional items)	22,653	(19,079)	(64,352)	375,980	330,846
3	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax after Exceptional items)	22,653	(23,799)	(64,352)	49,120	330,846
4	Net Profit /(Loss) for the period (after Tax after Exceptional items)	(32,747)	(23,799)	21,933	(6,280)	293,175
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax)	(6,644,678)	-	(651,257)	(10,539,614)	(9,145,180)
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	2,490,000	2,490,000	2,490,000	2,490,000	2,490,000
7	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised)					
	1. Basic	(26.69)	-	(2.62)	(42.33)	(36.73)
	2. Diluted	(26.69)	-	(2.62)	(42.33)	(36.73)

NOTES :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 31st July, 2020. The financial results for the Quarter and Year ended March 31, 2020 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/ annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange website (URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director
Place : New Delhi
Date : 31st July 2020

SUPERIOR INDUSTRIAL ENTERPRISES LIMITED
Regd. Office:-25,Bazar Lane, Bengali Market,New-Delhi-110001
CIN: L15142DL1991PLC046469, Tel. No.: 011-43585000, Fax: 0141-43585015, E-mail: info@superiorindustrial.in, Website: www.superiorindustrial.in
AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2020
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

Sl. No.	Particulars	Standalone					Consolidated		
		Quarter Ended			Year Ended		Quarter Ended	Year Ended	
		31.03.2020 (Audited)	31.12.2019 (Unaudited)	31.03.2019 (Audited)	31.03.2020 (Audited)	31.03.2019 (Audited)	31.03.2020 (Audited)	31.03.2020 (Audited)	31.03.2019 (Audited)
1.	Total Income from Operations	173.42	73.26	94.97	671.49	451.17	722.19	2399.83	1864.49
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(23.90)	(14.91)	(37.72)	(55.22)	(45.92)	(15.95)	(36.95)	(91.74)
3.	Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(23.90)	(14.91)	(37.72)	(55.22)	(45.92)	(15.95)	(36.95)	(91.74)
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(23.90)	(14.91)	(37.72)	(55.22)	(45.92)	(15.95)	(36.95)	(91.77)
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax)	112.88	(14.91)	3.43	81.56	(4.77)	120.83	99.83	(50.62)
6.	Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share)	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year			-	2611.02	2529.46		4596.90	3794.16
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations)								
	Basic:	(0.17)	(0.11)	(0.27)	(0.40)	(0.33)	(1.49)	(3.31)	(5.00)
	Diluted:	(0.17)	(0.11)	(0.27)	(0.40)	(0.33)	(1.49)	(3.31)	(5.00)

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated financial results for the quarter ended on 31st March, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements)Regulations,2015.The full format of standalone and consolidated financial results is available on the Stock Exchanges' websites- (www.bseindia.com) and the Company's website (www.superiorindustrial.in)
2. The above audited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 31st July, 2020.
3. The figures of the previous year/quarter have been regrouped/rearranged whenever necessary to correspond with the current year figures.

By order of the Board of Directors
For and on behalf of Superior Industrial Enterprises Limited
Sd/-
Kamal Agarwal
Managing Director
DIN: 02644047
Date : 31st July,2020
Place : Delhi